बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

कार्यालय– होशंगाबाद रोड़, भोपाल – 462026

क्रमांक 40 /परीक्षा/2024 भोपाल, दिनांक 01 /03/2024

प्राचार्य

समस्त शासकीय, अनुदान प्राप्त, अशासकीय महाविद्यालय संबद्ध बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल।

विषयः राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) में विद्यार्थियों का पंजीयन किये जाने के संबंध में।

संदर्भ- 1. भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा प्रेषित अर्द्धशासकीय पत्र कमांक D.O.No.16-5/2020-TEL, दिनांक 06 अक्टूबर, 2023.

2. कार्यालय, आयुक्त उच्चशिक्षा, मध्यप्रदेश शासन सतपुड़ा भवन, भोपाल कमांक 48/21/आउशि/शा-5'अ'/2023, प्रति. भोपाल, दिनाँक 15 जनवरी 2024.

कृपया भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा प्रेषित संदर्भित पत्र के अनुक्रम में लेख है कि मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में समस्त विद्यार्थियों (नियमित / स्वाध्यायी) को अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) में पंजीयन तथा इसके पश्चात विद्यार्थियों की अंकसूचियों को डिजीलॉकर में अपलोड किया जाना है। जिससे विद्यार्थियों को महाविद्यालय / विश्वविद्यालय परिवर्तन करने पर किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या का सामना न करना पड़े।

उपरोक्त संबंध में आपको निर्देशित किया जाता है कि क्षेत्रान्तर्गत आने वाले समस्त महाविद्यालयों के समस्त नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों को निर्देशित करते हुए सम्पूर्ण जानकारी के साथ परीक्षा फार्म भरते समय ही अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) पर पंजीयन कराना सुनिश्चित किया जाए जिस से प्रत्येक विद्यार्थियों की आई. डी निर्मित हो सके।

इस हेतु संबंधित महाविद्यालय के राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्राचार्य / नोडल अधिकारी प्रवेशित विद्यार्थियों का (ABC) आई.डी बनवाने हेतु निम्नलिखित कार्यवाही करें:-

- महाविद्यालय के नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों को सभागार में एकत्रित कर इस संबन्ध में विश्वविद्यालय Website पर P.P.T अपलोड की गई है। पी.पी.टी (Using Multiple Channels to Create ABC ID for Students) का उपयोग कर विद्यार्थियों को अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) की आई.डी क्रिएट करने की जानकारी प्रदाय की जाए जिससे विद्यार्थी ABC आई.डी क्रिएट कर सकेंगे।

- अकादमिक बैंक ऑफ केडिट (ABC) में पंजीयन किये बिना किसी भी विद्यार्थी का परीक्षा फार्म संबंधित महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय को प्रेषित नहीं किया जाए।
- संबंधित महाविद्यालय द्वारा प्रेषित विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) में पंजीयन के बिना मान्य नही किये जायंगे।
- यदि इस संबंध में बिना अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) पंजीयन के परीक्षा फार्म प्रेषित अथवा स्वीकृत किये जाते है तो सम्पूर्ण जबाब देही संबंधित महाविद्यालय की होगी।

अतः अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) पंजीयन की कार्यवाही विश्वविद्यालय के द्वारा विभिन्न कक्षाओं के लिए निर्धारित परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि से पूर्व किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

कुलसचिव,
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल, मध्यप्रदेश

पृ. क्र. 51 /प्रशा0/2024
भोपाल, दिनांक 01/02/2024

प्रतिलिपिः-

1. स्टॉफ आफीसर, अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल।
2. निज सहायक, के माध्यम से आयुक्त, उच्चशिक्षा, म. प्र., भोपाल ।
3. निज सहायक, के माध्यम से कुलपति बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल, म.प्र।
4. डॉ. धीरेन्द्र शुक्ल विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश
5. क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, भोपाल, म.प्र।

परीक्षा नियंत्रक
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल, मध्यप्रदेश